# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स
## जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,बैतूल

# स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ
## वार्षिक प्रतिवेदन
## सत्र 2024-25

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स
# जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल
# स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ
# वार्षिक प्रतिवेदन
# सत्र 2024-25

## माह – जुलाई 2024 :

❖ अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण -"व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल"
दिनांक - 16/07/2024 से 30/07/2024

**कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह – 16/07/2024**

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा **"व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल"** विषय पर अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज **दिनाँक 16/07/2024** को प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, टीपीओ प्रो. ऋषिकान्त पंथी एवं श्री उमाशंकर दुबे जिला समन्वयक सैडमैप बैतूल की उपस्थिति में हुआ। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण अतिथिओ द्वारा किया गया। जिला समन्वयक दुबे जी द्वारा विद्यार्थियों को 60 घंटे संचालित होने वाले प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की। आपने बताया की विद्यार्थियों को कैसे अपना बायोडाटा तैयार करना है साथ ही साक्षात्तकार की तैयारी कैसे की जाए की जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा की विद्यार्थियों को अपना पूरा ध्यान एवं समय इस प्रशिक्षण में देना होगा जिसका लाभ उन्हे रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में अवश्य मिलेगा। डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने कहा की विद्यार्थियों को अपने जीवन में विभिन्न कौशलों को सीखना चाहिए जिसका की विद्यार्थियो को समय – समय पर लाभ प्राप्त होता रहे। टीपीओ प्रो. ऋषिकान्त पंथी ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा संचालित होने वाली गतिविधिओ की जानकारी प्रदान की साथ ही इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्ण समर्पण के साथ उपस्थित रहने के लिए भी कहा। कार्यक्रम का संचालन प्रो. संतोष पवांर द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में कु. गायत्री यादव, श्री चरणजीत खातरकर एवं कु.ज्योति साहू, अभिजीत सिरसम, माधुरी, सलोनी कहार, अनुज वरकडे का सराहनिय सहयोग रहा।










गुरूवार 18 जुलाई 2024 को विद्यार्थियों को दी गई सीवी बनाने की प्रेक्टिकल ट्रेनिंग श्री उमाषंकर दुबे द्वारा सीवी (करिक्यलम वाइटी) द्वारा सूक्ष्मता से जानकारी देते हुए सीवी, बॉयोडाटा एवं रिजूम के बीच के अंतर समझाया गया एवं इस संबंध में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सीवी बनाए गए । सभी विद्यार्थियों को हाथ से सीवी बनाने के लिए पेपर्स, दो कलर के पेन व सीवी को सुरक्षित रखने के लिए प्लास्टिक फोल्डर भी उपलब्ध कराया गया।

शुक्रवार 19 जुलाई 2024 को विद्यार्थियों को दोपहर 12 बजे से एप्टिट्यूड रीजनिंग, डेटा इंटरप्रिटेषन, मेथमेटिकल एप्टिट्यूड विषय पर इस क्षेत्र के सुप्रसिद्ध प्रशिक्षक श्री सतीष पवार के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। श्री पवार को ज्ञान कुंज एकेडमी, रघुकुल डिफेंस एकेडमी, एसपी एजुकेषन, आइडियल एकेडमी, दर्षन एकेडमी, सुपर 100 एवं कनाद एकेडमी जैसी सुप्रसिद्ध संस्थाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं के बच्चों को इन विषयों में प्रषिक्षण देने का अनुभव प्राप्त है। मेथेमेटिकल एप्टिट्यूड के अंतर्गत बेसिक कैलकुलेषन नम्बर्स, विभाजिता का नियम आदि के बारे में जानकारी दी गई । कक्षा में विद्यार्थियों से कुछ प्रष्न हल करवा कर उन्हें प्रेक्टिकल ट्रेनिंग भी प्रदान की गई।

शनिवार 20 जुलाई को एप्टिट्यूड रीजनिंग एवं डेटा इंटरप्रिटेषन पर प्रषिक्षण प्रदान किया गया । यह प्रषिक्षण श्री सतीष पवार के द्वारा दिया गया।

रविवार 21 जुलाई को Swot Analysis पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

सोमवार 22 जुलाई 2024 को समूह चर्चा कौशल के बारे में सुप्रसिद्ध व्यक्तित्व विकास विशेषज्ञ मिस आयुषी जैन के द्वारा प्रषिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में सुश्री आयुषी जैन ने स्टूडेंट्स के लिए जीवन में समूह चर्चा की आवष्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाष डालते हुए, उनका इस विषय से संबंधित कॉन्सेप्ट क्लियर किया। इसके साथ ही स्टूडेंटस का समूह बनाकर उन्हें क्लास में ही समूह चर्चा का अभ्यास कराया गया। स्टूडेंट्स ने पूरी तन्मयता के साथ इस स्किल की बारीकियों को सीखा और सुश्री जैन द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण को उत्कृष्ट बताया।

23 जुलाई 2024 को मिस आयुषी जैन के द्वारा मॉक इंटरव्यू विषय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में सुश्री आयुषी जैन ने स्टूडेंट्स को जॉब इंटरव्यू में अपीयर होने से पहले की जाने वाली तैयारियों के बारे में बताया। सुश्री जैन ने बताया कि किसी भी इंटरव्यू की तैयारी का सबसे पहला चरण उस संस्थान के बारे में रिसर्च से शुरू होता है जहां आप इंटरव्यू देने के लिए जाने वाले हैं। इसके साथ ही सुश्री जैन ने इंटरव्यू में सफल होने के कई सूत्र भी बताए।

बुधवार 24 जुलाई को सभी स्टूडेंट्स को फॉर्मल ड्रेस मे आने के लिए कहा गया है। बुधवार के सत्र में साक्षात्कार के अभ्यास कराया जाएगा। इसके साथ ही औपचारिक पहनावा (फॉर्मल ड्रेसिंग) के बारे में जानकारी सुश्री जैन के द्वारा दी जाएगी।

बुधवार 24 जुलाई 2024 को मिस आयुषी जैन के द्वारा औपचारिक पहनावा विषय पर प्रषिक्षण प्रदान किया गया। प्रषिक्षण सत्र में सुश्री आयुषी जैन ने स्टूडेंट्स को जॉब इंटरव्यू आदि विशेष अवसरों पर पहनी जाने वाली

औपचारिक ड्रेसिंग के बारे में जानकारियां दी गईं। सुश्री जैन ने सफलता में ड्रेसिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वस्त्र भी आपके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ कहता है, वहीं अच्छी ड्रेसिग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाने सहित व्यक्तित्व के निखार के लिए भी महत्वपूर्ण है।


गुरूवार 25 जुलाई 2024 को मिस आयुषी जैन के द्वारा भाषा एवं संचार कौशल विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में सुश्री आयुषी जैन ने स्टूडेंट्स को भाषा एवं संचार कौशल सुधारने के टिप्स के बारे में अनोखी जानकारियां दीं । उन्होंने अपना वर्ड पॉवर बढ़ाने के तरीकों के बारे में भी बताया।

शुक्रवार 26 जुलाई 2024 से संगणक कौशल विषय पर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को एमएस वर्ड, एक्सल व पॉवर पॉइंट का प्रशिक्षण प्रदान किया गया । यह प्रशिक्षण श्री चरणजीत खातरकर सर के द्वारा दिया गया । प्रशिक्षण के तहत विद्यार्थियों को कंप्यूटर पर प्रेक्टिकल भी कराया गया ।

दिनाँक 27 से 28 जुलाई तक श्री चरणजीत खातरकर द्वारा संगणक कौशल विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को एमएस वर्ड, एक्सल व पॉवर पॉइंट का प्रषिक्षण प्रदान किया गया।

सोमवार 29 जुलाई को स्वाट एनेलिसिस के बारे में जानकारी सेडमैप के जिला समन्वयक श्री उमाषंकर दुबे के द्वारा प्रदान की गई।

मंगलवार 30 जुलाई को संप्रेषण कौशल पर श्री उमाषंकर दुबे द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।



20/27/2024



21/07/2024



23/07/2024



24/07/2024



26/07/2024



27/07/2024




28/07/2024




29/07/2024



30/07/2024



30/07/2024

## कार्यक्रम का समापन समारोह – 30/07/2024

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा **"व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल"** विषय पर अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन **दिनाँक 31/07/2024** को प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, टीपीओ प्रो. ऋषिकान्त पंथी, श्री उमाशंकर दुबे जिला समन्वयक सैडमैप बैतूल, प्रशिक्षक आयुषी जैन एवं श्री चरणजीत खातरकर की उपस्थिति में हुआ। सर्वप्रथम आयुषी जैन द्वारा प्रेज़न्टैशन के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण अतिथिओ द्वारा किया गया। छात्र-छात्राओ द्वारा अपने अनुभव में बताया गया की उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में साक्षात्कार की तैयारी कैसे की जाए, अपना बायोडाटा तैयार करना साथ ही कंप्युटर से संबंधित एमएस ऑफिस, पावर पॉइंट प्रेज़न्टैशन के साथ-साथ गणित की तकनिकियों को भी सिखा। डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने कहा की विद्यार्थियों को अपने जीवन में विभिन्न कौशलों को सीखना चाहिए जिसका की विद्यार्थियो को समय – समय पर लाभ प्राप्त होता रहे। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा की विद्यार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो सिखा है उसका लाभ अपने दूसरे साथियों को भी प्रदान करे एवं स्वयं अपने जीवन में उसे चरितार्थ करे जिसका लाभ उन्हे रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में अवश्य मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान समान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम स्थान प्रियंका बारस्कर, द्वितीय स्थान ज्योति साहू एवं तृतीय स्थान कृतिका साहू ने प्राप्त किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर अतिथियों का आभार टीपीओ प्रो. ऋषिकान्त पंथी द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन प्रो. संतोष पवांर द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में सलोनी कहार,ज्योति साहू,मुस्कान सोनी, पार्थ पिम्पलापुरे का सराहनिय सहयोग रहा।






Thank you
for listening!









प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स

जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,बैतूल

# प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है की श्री/कु./श्रीमती ...प्रियंका बारस्कर...............

कक्षा ...B.A. II Year... ने स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं उद्यमिता विकास केंद्र (सैडमैप), बैतूल द्वारा **दिनाँक 16/07/2024 से 30/07/2024** तक आयोजित अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/ स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम, विषय **"व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल"** पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रमाण-पत्र क्रमांक ...04... ।

*हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।*

| | | |
|---|---|---|
| श्री ऋषिकान्त पंथी | श्री उमाशंकर दुबे | डॉ. श्रीमती विनीता चौबे |
| संयोजक / टीपीओ | जिला समन्वयक | प्राचार्य |
| स्वा.वि.कैं.मा.प्रकोष्ठ | उद्यमिता विकास केंद्र (सैडमैप), बैतूल | ज.हॉ.शास.स्ना.महाविद्यालय,बैतूल |

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स
जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल

## प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है की श्री/कु./श्रीमती ........ज्योति साहू........
कक्षा ....BCA II Year.... ने स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं उद्यमिता विकास केंद्र (सैडमैप), बैतूल द्वारा **दिनाँक 16/07/2024 से 30/07/2024** तक आयोजित अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/ स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम, विषय **"व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल"** पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रमाण-पत्र क्रमांक ..09.. ।

*हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।*

| | | |
|---|---|---|
| श्री ऋषिकान्त पंथी | श्री उमाशंकर दुबे | डॉ. श्रीमती विजेता चौबे |
| संयोजक / टीपीओ | जिला समन्वयक | प्राचार्य |
| स्वा.वि.कॅं.मा.प्रकोष्ठ | उद्यमिता विकास केंद्र (सैडमैप), बैतूल | ज.हॉं.शास.स्ना.महाविद्यालय, बैतूल |

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स
जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल

## प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है की श्री/कु./श्रीमती ........कृतिका साहू........
कक्षा ....BCA II Year.... ने स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं उद्यमिता विकास केंद्र (सैडमैप), बैतूल द्वारा **दिनाँक 16/07/2024 से 30/07/2024** तक आयोजित अल्पावधि रोजगारोन्मुखी/ स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम, विषय **"व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल"** पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रमाण-पत्र क्रमांक ..13.. ।

*हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।*

| | | |
|---|---|---|
| श्री ऋषिकान्त पंथी | श्री उमाशंकर दुबे | डॉ. श्रीमती विजेता चौबे |
| संयोजक / टीपीओ | जिला समन्वयक | प्राचार्य |
| स्वा.वि.कॅं.मा.प्रकोष्ठ | उद्यमिता विकास केंद्र (सैडमैप), बैतूल | ज.हॉं.शास.स्ना.महाविद्यालय, बैतूल |

न्यूज – 22/03/202

# जेएच कॉलेज में प्रशिक्षण का शुभारंभ

**बैतूल,ताप्ती समन्वय।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा 'व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल' विषय पर अल्पावधि रोजगारोन्मुखी, स्व रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, डॉ.धर्मेन्द्र कुमार, टीपीओ प्रो.ऋषिकांत पंथी एवं जिला समन्वयक सेडमैप बैतूल उमाशंकर दुबे की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक उमाशंकर दुबे द्वारा विद्यार्थियों को 60 घंटे संचालित होने वाले प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को अपना बायोडाटा किस तरह तैयार करना चाहिए और साक्षात्कार की तैयारी कैसे की जाती है। प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे ने मार्गदर्शन करते हुए कहा की विद्यार्थियों को अपना पूरा ध्यान एवं समय इस प्रशिक्षण में देना होगा। जिसका लाभ उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में अवश्य मिलेगा। डॉ.धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में विभिन्न कौशल को सीखना चाहिए जिससे की विद्यार्थियों को समय-समय पर लाभ प्राप्त होता रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

# व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल पर प्रशिक्षण संपन्न

**बैतूल।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर अल्पावधि रोजगारोन्मुखी, स्व रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, डॉ.धर्मेन्द्र कुमार, टीपीओ प्रो.ऋषिकांत पंथी, उमाशंकर दुबे जिला समन्वयक सेडमैप बैतूल, प्रशिक्षक आयुषी जैन एवं चरणजीत खातरकर की विशेष उपस्थिति में हुआ। सर्वप्रथम आयुषी जैन द्वारा प्रेज़न्टेशन के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। छात्र-छात्राओ द्वारा अपने अनुभव में बताया गया की उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में साक्षात्कार की तैयारी कैसे की जाए, अपना बायोडाटा तैयार करना साथ ही कंप्यूटर से संबंधित एमएस ऑफिस, पावर पॉइंट प्रेज़न्टेशन के साथ-साथ गणित की तकनीकों को भी सिखा। डॉ.धर्मेन्द्र कुमार ने कहा की विद्यार्थियों को अपने जीवन में विभिन्न कौशलों को सीखना चाहिए जिसका की विद्यार्थियों को समय-समय पर लाभ प्राप्त होता रहे। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा की विद्यार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो सिखा है उसका लाभ अपने दूसरे साथियों को भी प्रदान करे एवं स्वयं अपने जीवन में उसे चरितार्थ करें जिसका लाभ उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में अवश्य मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम स्थान प्रियंका बारस्कर, द्वितीय ज्योति साहू एवं तृतीय स्थान कृतिका साहू ने प्राप्त किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर अतिथियों का आभार टीपीओ प्रो.ऋषिकांत पंथी द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन प्रो.संतोष पवांर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सलोनी कहार,ज्योति साहू, मुस्कान सोनी, पार्थ पिंपलापुरे का सराहनीय योगदान रहा।

### व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण संपन्न

# विद्यार्थियों ने सीखा साक्षात्कार की तैयारी कैसे की जाए

**ताप्ती दर्शन, बैतूल**

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर अल्पावधि रोजगारोन्मुखी, स्व रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, डॉ.धर्मेन्द्र कुमार, टीपीओ प्रो.ऋषिकांत पंथी, उमाशंकर दुबे जिला समन्वयक सेडमैप बैतूल, प्रशिक्षक आयुषी जैन एवं चरणजीत खातरकर की विशेष उपस्थिति में हुआ। सर्वप्रथम आयुषी जैन द्वारा प्रेज़न्टेशन के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। छात्र-छात्राओ द्वारा अपने अनुभव में बताया गया की उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में साक्षात्कार की तैयारी कैसे की जाए, अपना बायोडाटा तैयार करना साथ ही कंप्यूटर से संबंधित एमएस ऑफिस, पावर पॉइंट प्रेज़न्टेशन के साथ-साथ गणित की तकनीकों को भी सिखा। डॉ.धर्मेन्द्र कुमार ने कहा की विद्यार्थियों को अपने जीवन में विभिन्न कौशलों को सीखना चाहिए जिसका की विद्यार्थियों को समय-समय पर लाभ प्राप्त होता रहे। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा की विद्यार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो सिखा है उसका लाभ अपने दूसरे साथियों को भी प्रदान करे एवं स्वयं अपने जीवन में उसे चरितार्थ करें जिसका लाभ उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में अवश्य मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम स्थान प्रियंका बारस्कर, द्वितीय ज्योति साहू एवं तृतीय स्थान कृतिका साहू ने प्राप्त किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर अतिथियों का आभार टीपीओ प्रो.ऋषिकांत पंथी द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन प्रो.संतोष पवांर द्वारा किया गया।

# व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल पर दिया प्रशिक्षण

**» विद्यार्थियों ने सीखा कैसे की जाए साक्षात्कार की तैयारी**

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर अल्पावधि रोजगारोन्मुखी, स्व रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, डॉ.धर्मेन्द्र कुमार, टीपीओ प्रो.ऋषिकांत



पंथी, उमाशंकर दुबे जिला समन्वयक सैडमैप बैतूल, प्रशिक्षक आयुषी जैन एवं चरणजीत खातरकर की विशेष उपस्थिति में हुआ। सर्वप्रथम आयुषी जैन द्वारा प्रेज़न्टेशन के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं द्वारा अपने अनुभव में बताया गया की उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में साक्षात्कार की तैयारी कैसे की जाए, अपना बायोडाटा तैयार करना साथ ही कंप्युटर से संबंधित एमएस ऑफिस, पावर पॉइंट प्रेज़न्टेशन के साथ-साथ गणित की तकनिकियों को भी सिखा। डॉ.धर्मेन्द्र कुमार ने कहा की विद्यार्थियों को अपने जीवन में विभिन्न कौशलों को सीखना चाहिए जिसका की विद्यार्थियो को समय-समय पर लाभ प्राप्त होता रहे। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा की विद्यार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो सिखा है उसका लाभ अपने दूसरे साथियों को भी प्रदान करे एवं स्वयं अपने जीवन में उसे चरितार्थ करें जिसका लाभ उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में अवश्य मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम स्थान प्रियंका बारस्कर, द्वितीय ज्योति साहू एवं तृतीय स्थान कृतिका साहू ने प्राप्त किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर अतिथियों का आभार टीपीओ प्रो.ऋषिकांत पंथी द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन प्रो.संतोष पवांर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सलोनी कहार,ज्योति साहू, मुस्कान सोनी, पार्थ पिंपलापुरे का सराहनीय योगदान रहा।

# व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल पर दिया प्रशिक्षण

## विद्यार्थियों ने सीखा कैंसे करें साक्षात्कार की तैयारी



**बैतूल (सांध्य दैनिक खबरवाणी)।**

**स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर अल्पावधि रोजगारोन्मुखी, स्व रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे, डॉ.धर्मेन्द्र कुमार, टीपीओ प्रो.ऋषिकांत पंथी, उमाशंकर दुबे जिला समन्वयक सेडमैप बैतूल, प्रशिक्षक आयुषी जैन एवं चरणजीत खातरकर की विशेष उपस्थिति में हुआ।**


सर्वप्रथम आयुषी जैन द्वारा प्रेज़न्टेशन के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। छात्र-छात्राओ द्वारा अपने अनुभव में बताया गया की उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में साक्षात्कार की तैयारी कैसे की जाए, अपना बायोडाटा तैयार करना साथ ही कंप्यूटर से संबंधित एमएस ऑफिस, पावर पॉइंट प्रेज़न्टेशन के साथ-साथ गणित की तकनीकों को भी सिखा।


डॉ.धर्मेन्द्र कुमार ने कहा की विद्यार्थियों को अपने जीवन में विभिन्न कौशलों को सीखना चाहिए जिसका की विद्यार्थियों को समय-समय पर लाभ प्राप्त होता रहे। प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा की विद्यार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो सिखा है उसका लाभ अपने दूसरे साथियों को भी प्रदान करे एवं स्वयं अपने जीवन में उसे चरितार्थ करें जिसका लाभ उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में अवश्य मिलेगा। प्रशिक्षण के दौरान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम स्थान प्रियंका बारस्कर, द्वितीय ज्योति साहू एवं तृतीय स्थान कृतिका साहू ने प्राप्त किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर अतिथियों का आभार टीपीओ प्रो.ऋषिकांत पंथी द्वारा एवं कार्यक्रम का संचालन प्रो.संतोष पवांर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सलोनी कहार,ज्योति साहू, मुस्कान सोनी, पार्थ पिंपलापुरे का सराहनीय योगदान रहा।

### माह – सितंबर 2024

❖ एक दिवसीय कॅरियर कॉउसिलिंग सत्र
दिनांक - 10/09/2024

दिनाँक 10 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल में जिला रोजगार कार्यालय बैतूल द्वारा स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एक दिवसीय कॅरियर कॉउसिलिंग सत्र का आयोजन प्राचार्य श्रीमती डॉ. विजेता चौबे के मार्गदर्शन में किया गया। जिला रोजगार कार्यालय बैतूल से कॉउन्सलर श्रीमती माधुरी खातरकर विषय विशेषज्ञ श्री विष्णुराम धुर्वे एवं श्री विनेश बारस्कर द्वारा विद्यार्थियों को कॅरियर से संबंधित जानकारियाँ प्रदान की गई। कॉउन्सलर श्रीमती माधुरी खातरकर द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया की हमे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। विद्यार्थियों को कभी भी नकारात्मकता अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए साथ ही साथ सकारात्मक कार्यो के प्रति सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए। विषय विशेषज्ञ श्री विनेश बारस्कर ने बताया की शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने जीवन में अनेक उपलब्धियां प्राप्त कर सकते है विद्यार्थियों को उचित शिक्षा अध्ययन का चयन करना चाहिए। हमे कौन से पद पर जाना है उसके हिसाब से पाठ्यक्रम तय करके उसकी तैयारी करना चाहिए। श्री विष्णुराम धुर्वे ने रोजगार एवं बिजनेस के संबंध में जानकरी प्रदान की रोजगार सरकारी भी हो सकता है और प्राइवेट भी साथ ही हम बिजनेस करके दूसरों के जीवन निर्वाह के संसाधनों को प्रदान कर सकते है। हमे रोजगार लेने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनना चाहिए। इस कॉउसिलिंग सत्र में 65 विद्यार्थियों सहित टीपीओ प्रो. ऋषिकान्त पंथी, प्रो. पंकज बारस्कर, प्रो. संतोष पंवार, सुश्री गायत्री यादव की उपस्थिति रही।


GPS Map Camera
Betul, Madhya Pradesh, India
WW44+HJW JH Government Post Graduate College, Ganj, Betul, Madhya Pradesh 460001, India
Lat 21.90767°
Long 77.90765°
10/09/24 11:38 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Betul, Madhya Pradesh, India
WW44+HJW JH Government Post Graduate College, Ganj, Betul, Madhya Pradesh 460001, India
Lat 21.907685°
Long 77.907617°
10/09/24 11:49 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Betul, Madhya Pradesh, India
WW44+HJW JH Government Post Graduate College, Ganj, Betul, Madhya Pradesh 460001, India
Lat 21.907685°
Long 77.907617°
10/09/24 11:49 AM GMT +05:30
Google




❖ एक दिवसीय रोजगार मेला (एनआईआईटी फाउंडेशन)
दिनांक – 25/09/2024

जिला रोजगार कार्यालय बैतूल के पत्र क्रमांक/जि.रो.का.बैतूल/रो.मेलाशा./2024-25/242-5, दिनाँक 22/08/2024 के परिपालन में महाविद्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं एनआईआईटी फाउंडेशन द्वारा दिनाँक 25/09/2024 को सुबह 11 से 2 बजे किया गया।

एनआईआईटी फाउंडेशन के माध्यम से चार कॉम्पनियों उत्कर्ष स्माल फाइनेस बैंक, पेटीएम, शिवशक्ति अग्रीटेक, आरएएफएमआई ग्रुप ने फ्रन्ट लाइन एग्जीक्यूटिव, सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स फील्ड एग्जीक्यूटिव, टेली कॉलर एवं ब्रांच मेनेजर के विभिन्न कम्पनियों के पद हेतु इंटरव्यू के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया गया।

कार्यक्रम का शुभांरभ विभिन्न कॉम्पनियों से पधारे एचआर के स्वागत से हुआ तत्पश्यात एचआर ने जॉब प्रोफाइल तथा भविष्य में कंपनी में ग्रोथ के अवसर से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। तत्पश्यात विद्यार्थियों ने एक-एक कर समस्त कॉम्पनियों के साक्षात्कार में भाग लिया। कार्यक्रम में कुल 103 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में एनआईआईटी फाउंडेशन से श्रीमती स्मिता कैथवास, टीपीओ ऋषिकान्त पंथी, कार्यक्रम संचालक प्रो.संतोष पंवार, गायत्री यादव उपस्थित रहे।











**माह अक्तूबर 2024 :**

❖ **आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट कार्यशाला**

**दिनांक – 19/10/2024**

महाविद्यालय में दिनांक 19/10/2024 को समय दोपहर 2 से 4 बजे तक आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट कार्यशाला का आयोजन आयोजित किया गया, जिसमे वेस्ट मटेरियल (कार्ड बोर्ड, प्लास्टिक बॉटल) से गृह सजावट की वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण श्री मनोज तिवारी, संचालक प्रिया आर्ट अकेडमी बैतूल द्वारा दिया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 138 विद्यार्थियों ने सहभागिता की । कार्यक्रम में स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के टीपीओ ऋषिकान्त पंथी, कार्यक्रम संचालक प्रो.संतोष पंवार, डॉ.शिवदयाल साहू, सुश्री गायत्री यादव उपस्थित रहे ।

## माह – दिसंबर 2024

❖ **एक दिवसीय प्लेसमेन्ट ड्राईव (वेकमेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, उज्जैन)**
**दिनांक – 27/12/2024**

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे एवं टीपीओ प्रो.ऋषिकान्त पंथी के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनाँक 27 दिसंबर 2024 को सुबह 11 से 2 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेन्ट ड्राईव का आयोजन **वेकमेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, उज्जैन** के श्री राजेश शर्मा (एच आर), श्री अनिसूर रहमान (क्वालिटी हेड )द्वारा विभिन्न पदों **हेतु** साक्षात्कार के माध्यम से विद्यार्थियों चयन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में महाविद्यालय के पूर्व छात्र (2023-24), स्नातक अंतिम वर्ष (बीए/बीएससी/बीकॉम) एवं स्नातकोत्तर (रसायन शास्त्र) अंतिम सेमेस्टर के कुल 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमे महाविद्यालय से 4 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो.मनोहर राव गावंडे, प्रो.संतोष पवार, सुश्री गायत्री यादव की सहभागिता रही।






माह - जनवरी 2025 :

❖ दिवसीय कॅरियर कॉउन्सलिंग सत्र - Job Opportunities in IT Sector (HCL Tech)


दिनांक – 11/01/2025

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स, जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल की प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे एवं टीपीओ प्रो.ऋषिकान्त पंथी के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनाँक 11 जनवरी 2025 को दोपहर 1 से 2 बजे तक Job Opportunities in IT Sector विषय पर एक दिवसीय कॅरियर कॉउन्सलिंग सत्र का आयोजन किया गया। काउन्सिलिंग सत्र मे HCL Tech के प्रतिनिधि द्वारा Information Technology Sector में रोजगार की संभावनाओ तथा रोजगार से संबंधित समस्त जानकारी प्रदान की गई। इस कॉउसिलिंग सत्र में 20 विद्यार्थियों सहित प्रो.पंकज बारस्कर की उपस्थिति रही।












❖ अग्निपथ योजनांतर्गत पब्लिसिटी ड्राइव

दिनांक – 18/01/2025

महाविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 18.01.25 को भोपाल से वायु सेना अग्निवीर योजना के प्रचार हेतु सार्जेंट श्री देवेंद्र सिंह राणा एवं कॉरपोरल श्री कुमार आशुतोष एवं प्राचार्य आईटीआई श्री केशव सतपुते उपस्थित रहे। सार्जेंट श्री देवेंद्र सिंह राणा द्वारा बहुत ही सुंदर एवं सटीक पद्धति से भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत लिखित परीक्षा, फिजिकल एवं मेडिकल प्रक्रिया के विषय में विस्तार से जानकरी दी। अग्निवीर योजनांतर्गत चुने गये अधिकारियों को मिलने वाले वेतन भत्ते तथा स्थायीकरण के बारे में विस्तार से जानकरी प्रदान की गई। वायु सेना के स्वर्णिम इतिहास, हवाई बेड़े, बेस कैम्प, प्रशिक्षण कैम्प तथा वायु सेना द्वारा उपयोग किये जाने वाले हथियारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में 50 विद्यार्थियों उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो.संतोष पवार द्वारा किया गया।









## माह – फरवरी 2025 :

❖ **दो दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम NISM (National Institute of Securities Market) दिनांक – 05/02/2025 एवं 06/02/2025**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स, जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल की प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे एवं टीपीओ प्रो.ऋषिकान्त पंथी के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 5 एवं 6 फरवरी को दो दिवसीय "**वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम**" का आयोजन कक्ष क्रमांक 55 वाणिज्य भवन में 12:30 से बजे किया गया । कार्यक्रम में श्री जितेंद्र धुन्डे, सेबी (SEBI) स्मार्ट ट्रेनर और आशीष देशभुनार, सेबी (SEBI) स्मार्ट ट्रेनर उपस्थित रहे । श्री जितेंद्र धुन्डे द्वारा बताया गया कि मनुष्य को अपनी जीवन में बचत करनी चाहिए साथ ही प्रत्येक युवा को अपने वित्तीय लक्ष्य बनाने चाहिए, इसके अलावा चक्रवर्ती व्याज की अवधारणा, नैशनल सैविंग सर्टिफिकेट, सुकन्या समृध्दि योजना, जन धन खाता, मोबाईल बैंकिंग, गोल्ड इन्वेस्टमेंट, म्यूचुअल

फण्ड, सैविंग अकाउंट, डीमेट अकाउंट, ऑनलाइन अकाउंट ओपन प्रोसेस, केवाईसी, ट्रैडिंग अकाउंट, स्टॉक मार्केट एवं डेबिट-क्रेडिट, SIPS(सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) एवं सेबी प्राइमेरी मार्केट आईपीओ, एफपीओ, आईपीओ फ्रॉम यूपीआई इत्यादि के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 67 विद्यार्थियों उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में डॉ.लोकेश कुमार, डॉ.छाया शाक्य, प्रो.आयुष सादरम और सुश्री गायत्री यादव की सहभागिता रही।
















- ❖ **प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के प्रचार प्रसार हेतु विद्यार्थी जागरूकता अभियान कार्यक्रम दिनांक – 28/02/2025**

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश शासन के पत्र क्रमांक 2298/694/आउशि/शा-5'अ'/2025 दिनांक 27/02/2025 के परिपालन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में दिनांक 28/02/2025 समय अपरान्ह 12 बजे से कक्ष क्रमांक 55 वाणिज्य भवन में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के प्रचार प्रसार हेतु विद्यार्थी जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से योजना के मुख्या बिंदु जैसे की आयुसीमा, इंटर्नशिप हेतु शर्तें, शैक्षणिक अर्ह्ता, विद्यार्थियों को एक बार मिलने वाली वित्तीय सहायता 6000/- रूपए तथा 5000/- रूपए प्रतिमाह मिलने वाली सहायता, इंटर्नशिप पूर्ण होने पर भागीदार कंपनी से विद्यार्थियों को मिलने वाला प्रमाण पत्र के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई तथा पोर्टल के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया को समझाया गया।

विद्यार्थी जागरूकता अभियान में लगभग 200 विद्यार्थी उपस्थित रहे।


PM INTERNSHIP SCHEME
Learn and Intern with
TOP COMPANIES
BHARAT
Cipla
PM Internship offers
GPS Map Camera
Betul, Madhya Pradesh, भारत
Ww44+hjw Jh Government Post Graduate College,
Ganj, Betul, Madhya Pradesh 460001, भारत
Lat 21.907597° Long 77.90738°
28/02/25 11:53 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Betul, Madhya Pradesh, India
Ww44+hjw Jh Government Post Graduate College, Ganj, Betul,
Madhya Pradesh 460001, India
Lat 21.907735° Long 77.90769°
28/02/2025 12:00 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Betul, Madhya Pradesh, India
Ww44+hjw Jh Government Post Graduate College, Ganj, Betul,
Madhya Pradesh 460001, India
Lat 21.907729° Long 77.90776°
28/02/2025 12:00 PM GMT +05:30
Google


## माह – जून 2025 :

❖ **एक दिवसीय कॅरियर कॉउन्सलिग सत्र (NIIT Limited)**

**दिनांक – 19/06/2025**

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा एनआईआईटी लिमिटेड के सहयोग से एक दिवसीय कॅरियर कॉउन्सलिग सत्र का आयोजन दिनांक 19/06/2025 समय सुबह 11 बजे से कक्ष क्रमांक 55 वणिज्य भवन में आयोजित किया गया । एनआईआईटी लिमिटेड की तरफ से श्री अमित अग्रवाल द्वारा रोजगार में एनआईआईटी लिमिटेड की भूमिका तथा भर्ती प्रक्रिया के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। श्री अग्रवाल ने बताया कि आज के समय में कॉरपोरेट सेक्टर किस प्रकार प्रतिभागियों का चयन करता है, उन्होंने बताया कि पारंपरिक शिक्षा प्राप्त किये बिना किसी स्किल को सीखे कॉरपोरेट सेक्टर में नौकरी पाना बहुत कठिन है, नीमराना राजस्थान स्थित एनआईआईटी यूनिवर्सिटी की स्थापना इसी समस्या के समाधान हेतु की गई । जिसका उद्देश्य निजी बैंको को उपर्युक्त वर्कफोर्स उपलब्ध करवाना है, एनआईआईटी यूनिवर्सिटी अपने आप में एक विशिष्ठ संस्थान है जो कि 45 दिन एवं 3 महीनों के प्रशिक्षण उपलब्ध करवाकर निजी बैंको हेतु उपर्युक्त प्रतिभागियों को तैयार करता है, इस कार्यक्रम में 75 विद्यार्थी उपस्थित हुए जिन्होंने निजी बैंको में नौकरी पाने कि प्रक्रिया को समझा ।









- **शैक्षणिक भ्रमण/एक्सपोज़र विजिट - ICAR-CIFE (Central Institute of Fisheries Education) पवारखेड़ा नर्मदापुरम**
  **दिनांक - 21/06/2025**

स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन द्वारा सत्र 2025-26 के प्रथम त्रैमास में महाविद्यालय को शैक्षणिक भ्रमण/ एक्सपोज़र विजिट हेतु बजट प्राप्त हुआ जिसके अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों हेतु निशुल्क शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विज़िट हेतु ICAR-CIFE(Central Institute of Fisheries Education) पवारखेड़ा को चुना गया।

मुख्य रूप से यह विज़िट स्नातक एवं स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय के विद्यार्थीयों हेतु आयोजित की गयी।

बस में सीमित संख्या होने के कारण विद्यार्थियों का चयन पहले आओ पहले आओ के आधार पर किया गया जिसमें कुछ 45 विद्यार्थियों का चुनाव किया गया।

बस महाविद्यालय से दिनांक 21/06/2025 को प्रातः 9 बजे महाविद्यालय से ICAR-CIFE(Central Institute of Fisheries Education) पवारखेड़ा के लिए रवाना हुई, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर विजिट हेतु रवाना किया गया, विद्यार्थियों के दल के साथ डॉ मनोहर राव गावंडे

सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र, डॉ महेंद्र नवंगे अतिथि विद्वान माइक्रोबायोलॉजी, डॉ राजकुमार चौकीकर अतिथि विद्वान बायोटेक्नोलॉजी, प्रो दीपिका साहू अतिथि विद्वान माइक्रोबायोलॉजी भी विजिट पर गए।

विद्यार्थियों ने विजिट के दौरान मतस्यपालन को लेकर विभिन्न जानकारियां प्राप्त की तथा मतस्यपालन विभाग की विभिन्न योजनाओ और कार्यक्रमों की जानकारी एवं स्वयं कैसे मतस्य पालन में रोज़गार स्थापित कर सकें । साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा मछलियों की विभिन्न प्रकार की प्रजातियों, अन्डों एवं प्रारंभिक उत्पादन में विभिन्न प्रकार की हेचरी एवं मछलियों के लिए पानी की पूर्ति एवं प्रारंभिक भोजन कैसे दिया जाता है इसके बारे में जानकारी प्राप्त की । इसके उपरांत विद्यार्थी उसी बस से महाविद्यालय पहुंचे ।







GPS Map Camera
पवारखेड़ा, मध्य प्रदेश, भारत
Mqq2+x4v, पवारखेड़ा, मध्य प्रदेश 461110, भारत
Lat 22.687829° Long 77.750243°
21/06/2025 12:41 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Pawarkheda, Madhya Pradesh, India
Mqq2+x4v, Pawarkheda, Madhya Pradesh 461110, India
Lat 22.68836° Long 77.749941°
21/06/2025 12:52 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
पवारखेड़ा, मध्य प्रदेश, भारत
Mqq2+x4v, पवारखेड़ा, मध्य प्रदेश 461110, भारत
Lat 22.687812° Long 77.750252°
21/06/2025 12:40 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
पवारखेड़ा, मध्य प्रदेश, भारत
Mqq2+x4v, पवारखेड़ा, मध्य प्रदेश 461110, भारत
Lat 22.687993° Long 77.75017°
21/06/2025 12:44 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Pawarkheda, Madhya Pradesh, India
Mqq2+x4v, Pawarkheda, Madhya Pradesh 461110, India
Lat 22.687943° Long 77.750076°
21/06/2025 12:46 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Pawarkheda, Madhya Pradesh, India
Mqq2+x4v, Pawarkheda, Madhya Pradesh 461110, India
Lat 22.687353° Long 77.75031°
21/06/2025 12:57 PM GMT +05:30
Google




PKPanthi

(ऋषिकान्त पंथी)
संयोजक / टीपीओ
स्वा.वि.कॅ.मा.प्रकोष्ठ

**टीपीओ**
**स्वा.वि.कॅ.मा.प्रकोष्ठ**
**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स**
**ज.हॉ.शास.स्वा.महाविद्यालय,बैतूल**

MChoubey

(डॉ.मीनाक्षी चौबे)
प्राचार्य
ज.हॉ.शास.स्ना.महाविद्यालय,बैतूल

**प्राचार्य**
**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स**
**ज.हॉ.शास.स्वा.महाविद्यालय,बैतूल**